दिनांक : 30/08/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों से अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चित्रकूट में अतिवृष्टि और मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की, आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लेंगे जायजा।
- भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज से ओरछा में।
- प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का सिलसिला बने रहने की संभावना।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 'मन की बात' कार्यक्रम की 137वीं कड़ी में देशवासियों से अपने विचार साझा करेंगे। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अहमदाबाद में, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा गांधीनगर में और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल सूरत में लोगों के साथ 'मन की बात' सुनेंगे। वहीं, पार्टी नेताओं की ओर से युवाओं, किसानों, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक समुदायों के साथ भी कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसके साथ ही, गुजरात के सभी बूथों पर पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और नागरिक प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे।

प्रधानमंत्री - उज्बेकिस्तान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेफ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता राष्ट्रपति भवन में व्यापार और निवेश, रक्षा, डिजिटल संपर्क, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सहयोग की समीक्षा करेंगे। पेश है एक रिपोर्ट...

राजनाथ- उद्योग सम्मेलन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में आयोजित उद्योग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन उनके तीन दिवसीय दौरे का तीसरा और अंतिम दिन है। पीएम सेतु योजना के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में कौशल विकास, उद्यमिता और व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम से पहले श्री राजनाथ सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे। इसके बाद वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लखनऊ छावनी क्षेत्र में एक सौ एक करोड़ रुपये की 12 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।

मुख्यमंत्रीः सतना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल रीवा पहुंचकर चित्रकूट में अतिवृष्टि और मंदाकिनी नदी में आई बाढ़ से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा बैठक की। बताया गया कि चित्रकूट में लगातार हुई अतिवृष्टि के कारण मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ा है। प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। प्रभावित नागरिकों के लिए आश्रय स्थलों पर ठहरने, भोजन एवं चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। बचाव कार्यों में सेना के हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सतना जिले के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेंगे।

संघ प्रमुख मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि मुसलमानों को भारत का हिस्सा न मानने की सोच, हिंदुत्व की भावना के विपरीत है। न्यूयॉर्क में "एक दुनिया, एक मानवता" सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री भागवत ने कहा कि हिंदुत्व हर व्यक्ति के सम्मान और सभी धर्मों के प्रति समान भाव में विश्वास करता है।

हॉकी फीडर सेंटर

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कल भोपाल में कहा कि मध्यप्रदेश में 6 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए हॉकी फीडर सेंटर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फीडर सेंटर में कम उम्र से ही बच्चों की खेल प्रतिभा को पहचानकर प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जाएगा साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा। भोपाल के मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए गए मैत्री हॉकी मैच पुरुष वर्ग में एमपी अकादमी ने भोपाल वांडर्स को 3-0 से हराया। महिला वर्ग में भोपाल टाइग्रेस ने शूटआउट में रायसेन क्वीन को 3-2 से पराजित किया।

वहीं इस अवसर पर अशोकनगर,बैतूल और छिंदवाड़ा में नशामुक्ति अभियान के तहत 'संडे ऑन साइकिल' साइकिल रैली एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही कल पांढुर्ना में मेजर ध्यानचंद कप प्रतियोगिता और पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल में विभिन्न्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन

इंदौर का 132 केवी पोलोग्राउंड (चंबल) एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशन आज अपने 60 वर्ष पूरे कर रहा है। यह सबस्टेशन 30 अगस्त 1966 को ऊर्जीकृत हुआ था और इंदौर की विद्युत पारेषण व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बना। छह दशकों में सबस्टेशन ने इंदौर के औद्योगिक विस्तार और शहरी विकास के साथ ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि पोलोग्राउंड सबस्टेशन इंदौर की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

भाजपा कार्यसमिति

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक आज से निवाड़ी जिले के ओरछा में प्रारंभ हो रही है। बैठक में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ पार्टी पदाधिकारी और कार्यसमिति सदस्य शामिल होंगे। पहले दिन बैठक में समरसता का संकल्प और विकसित भारत 2047 जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही संगठन को मजबूत करने, बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार पर मंथन होगा। बैठक के अंतिम दिन 31 को सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला आयोजित होगी। बैठक में केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर भी चर्चा होगी। आज इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कार्यसमिति के सदस्य शामिल होंगे।

क्रिकेट - महिला टी20 एशिया कप

भारत आज महिला क्रिकेट में थाईलैंड के खिलाफ टी20 एशिया कप अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय समयानुसार मैच रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। हरमनप्रीत कौर भारत की कप्तानी करेंगी, जबकि स्मृति मंधाना उप-कप्तान होंगी। भारत इस प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे सफल टीम है, जिसने पांच में से तीन मैच जीते हैं।

संपत्तिकर छूट

भोपाल नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर पर दी जा रही छह प्रतिशत की विशेष छूट आज और कल जारी रहेगी। करदाताओं की सुविधा को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने आज अवकाश के दिन भी सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया है। करदाता निगम के किसी भी वार्ड कार्यालय में कर जमा करने के साथ ही निगम की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं।

मौसम

प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले तीन दिन बारिश का सिलसिला बने रहने की संभावना है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी, पांढुर्णा, सतना, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मौसम बदला रहेगा।

मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार प्रदेश के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया यानी निम्न दाब क्षेत्र और मानसून ट्रफ सक्रिय है। हालांकि, फिलहाल मध्य प्रदेश में इन सिस्टम का प्रभाव ज्यादा नहीं है। यही वजह है कि प्रदेश के सभी जिलों में एक जैसी बारिश होने की संभावना नहीं है।

समाचार संक्षेप में.......

- मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत झाबुआ के राणापुर, इंदौर- के झोन क्रमांक 18, डिंडोरी के गौरा कन्हारी, धार जिले के नालछा तथा आलीराजपुर समेत प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में शिविरों का आयोजन किया गया
- आगरमालवा जिला मुख्यालय पर श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रजापत, गवली, भोई, जाटव आदि समाजजनों द्वारा भुजरिया पर्व मनाया गया।
- छिन्दवाड़ा से आज मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत मथुरा-वृन्दावन तीर्थ यात्रा के लिये विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी
- बैतूल में रक्षाबंधन पर्व के दूसरे दिन कल सदर में भुजरिया का त्योहार पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

-------------